'गोदान' - अतिलघु प्रश्नोत्तरी

प्रश्न 1. प्रेमचन्द को किस उपाधि से विभूषित किया गया है?
उत्तर प्रेमचन्द को 'उपन्यास सम्राट' कहा जाता है।

प्रश्न 2. प्रेमचन्द का प्रथम उपन्यास (उर्दू में) कौन सा है जो आगे चलकर प्रेमा नाम से अनुदित किया गया?
उत्तर 'हम खुर्मा व हम सवाब' प्रेमचन्द का प्रथम उपन्यास है जो 'प्रेमा' नाम से हिन्दी में अनुदित किया गया।

प्रश्न 3 प्रेमचंद का सर्वप्रथम हिन्दी उपन्यास कौन-सा है?
उत्तर- सेवासदन प्रेमचन्द का सर्वप्रथम हिन्दी उपन्यास है। इसका प्रकाशन वर्ष सन 1918 है।

प्रश्न 4. होरी का गोदान कितने रुपए का है?
होरी का गोदान सवा रुपए का है।

प्रश्न 5 गोदान में मेहता की क्या उपयोगिता है?
उत्तर गोदान में मि० मेहता प्रेमचन्द के प्रवक्ता हैं। अपनी वैचारिकता को प्रेमचन्द ने मेहता के माध्यम से व्यक्त किया है।

प्रश्न 6. आदर्शोन्मुख यथार्थवाद का क्या अर्थ है?
उत्तर साहित्य में ऐसे यथार्थ का चित्रण करना जो आदर्श की ओर उन्मुख हो; आदर्शोन्मुख यथार्थ कहलाता है। ऐसा यथार्थ चित्रण जो आदर्श एवं मर्यादा की स्थापना करता हो।

प्रश्न 7. प्रेमचन्द के किन्हीं पाँच उपन्यासों के नाम लिखिए।
उत्तर गोदान, सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, एवं निर्मला।

प्रश्न 8 'कलम का सिपाही' नामक ग्रन्थ में किसकी जीवनी लिखी गई है?
उत्तर प्रेमचन्द की जीवनी।